# 15 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाओं को मंजूरी

## प्रगति

लखनऊ, विशेष संवाददाता। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार अध्यक्षता में हुई बैठक में 15,525 करोड़ से अधिक की 11 निवेश परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

एम्पावर्ड कमेटी ने 576.78 करोड़ के 6 प्रस्तावों को संस्तुति दी। इसके तहत अल्ट्रा मेगा श्रेणी मे 11,281.51करोड़, सुपर मेगा श्रेणी 1,980.84 करोड़ रुपये व मेगाश्रेणी मे 1685.85 करोड़ रुपये के प्रस्ताव मंजूर हुए।

कार्यवाहक मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रक्रियात्मक विलंब हर स्तर पर दूर करते प्रदेश में निवेश अनुकूल माहोल बनाने में सहयोग करे और सभी प्रस्तावों को शीघ्रता से धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।